'शिक्षा का स्तर सुधारने में प्रशिक्षक अहम'

कानपुर। सर पदमपत सिंहानिया एजुकेशन सेंटर में सीबीएसई और आईएसटीएम ने ट्रेनिंग ऑफ ट्रेनर्स सर्टिफिकेशन कोर्स का आयोजन किया। दो दिवसीय कोर्स का रविवार को समापन हो गया। इसका उद्देश्य रिसोर्स पर्सन और मास्टर ट्रेनर तैयार करना था। पाठ्यक्रम में एनईपी-2020 के दिशा-निर्देशों को लागू करने में विशेष रूप से विद्यार्थियों के भविष्य के विकास में प्रशिक्षकों की भूमिका पर भी जोर दिया गया है। इस अवसर पर डॉ. अखिलेश कुमार, पुनीत शर्मा, यूसी जोशी, बलविंदर सिंह, अदिति भसीन और प्रधानाचार्या भावना गुप्ता आदि ने विचार व्यक्त किए।